Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी


दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 25-03-2022 | अंक 177

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

## एक माह से चल रहे रूस - यूक्रेन युद्ध से अमेरिका विश्व को विश्व युद्ध की ओर धकेल रहा है : डॉ अनिल

### युद्ध रोकने में भारत निभा सकता है अहम भूमिका



डॉ अनिल कुमार

एक माह से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध ने अब विश्व के समक्ष गंभीर संकट पैदा कर दिया है। जब रूस और यूक्रेन के बीच तनाव चरम पर था ,तब किसी ने यह कल्पना नही की थी कि यह विवाद एक विश्व युद्ध मे तब्दील होने के कगार पर पहुँच जाएगा ।अगर ये रुक नही पाया तो जो विनाश की तस्वीर वैश्विक स्तर पर दिखेगी वो अकल. पनीय होगी ।इस पूरे प्रकरण में एक बात स्पष्ट है कि कोई इस युद्ध को रोकने के लिए इच्छुक नही दिख रहा है ।एक तरफ तो रूस है जिसके जंग करने के जायज कारण है। भले ही रास्ता अनुचित था और इससे बचा जा सकता था, लेकिन पुतिन ने आक्रामक तेवर अपना लिए ।लेकिन युद्ध की पृष्टभूमि अमेरिका ने रची और अपने वाणिज्यिक स्वार्थ के लिए यूक्रेन को बली का बकरा बना कर रणभूमि में आगे कर दिया और ताकतवर रूस को उस्काने में कोई कसर नही छोड़ी । उक्त बातें बरही के जाने माने चिकित्सक सर्जन एवं अपेम के चीफ एडवाइजर डo अनिल कुमार ने भास्कर से कही। उन्होंने कहा कि जब यूक्रेन के राष्ट्पति ने रूस से जंग करने का मन बनाया तो उसे यह पूरा विशवास था कि अमेरिका और तमाम नाटो देश आर्थिक और सामरिक मदद करेंगें और सैन्य बल भेजेंगे, लेकिन युद्ध होने के दूसरे दिन अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों ने ये स्पष्ट कर दिया कि कोई सैन्य मदद नही मिलेगी और जेलेन्सकी को अपने सैनिकों के बदौलत जंग लड़नी पड़ेगी। हाँ आर्थिक और सामरिक मदद देने का भरोसा दिया, नाटो के रवैये से परेशान जेलेन्सकी रूस के शर्तो पर सरेंडर को तैयार हो गए और एसा हो भी जाता लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगी नाटो देशों ने आ. र्थक मदद पहुँचा दिया और जेलेन्सकी युद्ध के चक्रव्यूह मे उलझ कर रह गए ।अब जेलेन्सकी के लिए युद्ध गले की हड्डी बन कर रह गया ।द. रअसल अमेरिका कभी नही चाहेगा कि युद्ध समाप्त हो जाये ,क्योंकि अमेरिका हथियार और तेल के बदौलत महाशक्ति बना रहना चाहता है, पहले वो अरब के इराक -ईरान में जंग, इराक के कुवैत पर हमला की परिस्थितियों का फायदा उठाया, कुवैत को सैन्य और सामरिक सहायता पहुँचा कर उसके तेल के अकूत भंडार में अपना बाद हिस्सा लिया। अपने हथियारों को बेचा और रूस से अमेरिका के खुन्नस की वजह अरब देशों का अकूत तेल ही है। आज पूरे विश्व को अपने स्वार्थ के लिए तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर ला कर खड़ा करने वाला अमेरिका ही है। भारत की भूमिका विश्व शांति के लिए अहम साबित होगी बशर्ते राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर हम खरा उतरें। रूस से हमारी दोस्ती युद्ध को समाप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

# तैंतीस केन बम दो कार्बाइन सहित जीवित कारतूस के साथ सबजोनल रवि गिरफ्तार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कु0 सिंह**

चतरा/ कान्हाचट्टी :पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम के जंगल में प्रतिबंधित टी0पी0सी0 उग्रवादी संगठन के शिर्ष कमांडरों द्वारा चतरा जिला अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो में लेवी वसूलने की योजना हेतु एक मीटिंग किया जा रहा है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस महोदय के द्वारा प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी निर श्री अशोक रविदास के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें कुन्दा थाना एवं थाना पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों को शामिल किया गया। टीम के द्वारा अन्नगढ़ा जंगल में शतर्कता पूर्व करते हुए प्रतिबंधित टी0पी0सी0 उग्रवादी संगठन के सबजोनल कमाण्डर रवि जी उर्फ रोहित उर्फ नहू मुईयां उर्फ संतोष भुईयां उम्र 45 वर्ष, पे0 अगस मुईयां सा0 बधार, थाना-कुन्दा, जिला-चतरा को लोडेड कारवाईन मशिन गन के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उसके निशानदेही पर अन्नगड़ा जंगल में टी0पी0सी0 कैम्प को धवस्त किया गया जहाँ से एक अन्य



कारबाईन मशीन गन् गोलियाँ तथा भारी मात्रा में आई0ई0डी0 बनाने का सामान जप्त किया गया साथ ही यहाँ पर संचालित मिनी गन फैन्द्री को भी धवस्त करते हुए बड़ी मात्रा में बैरल बन्दुक बनाने वाली मशीन तथा अन्य औजार किया गया है। निश्चित रूप से यह चढ़ पुलिस की बहुत बड़ी सफलता है।

**गिरफ्तार टी0पी0सी0 उग्रवादी- रवि जी उर्फ रोडित उर्फ नई भुईँया उर्फ संतोष भुईयां उम्र 45 वर्ष पे0 झगसू** भुईबधार थाना कुन्दा जिला- चतरा

गिरफ्तार व्यक्ति का अपरा. धिक इतिहासः

मना थाना कान्ड सं0-32/ 2020. दिनांक 12.08. 2020, धारा-147/148/ 149/307/353 माध्दवि0 251-बीए/25(1-ए)/26/27/3 5 आर्म्स एक्ट

2 थाना काण्ड सं0-05 / 2021. दिनांक 11.01.2021 धारा-8(बी) / 18 एन0डी0पी0एस0 ख्एक्ट एवं 33 3. मनातु थाना काण्ड सं0-53 / 2012 दिनांक 06. 1 2 . 2 0 1 2 धारा-302/201/120 (बी) मा0व0वि0

4. दहा बाजार थाना काण्ड सं0-18/2022. दिनांक 27. 02.2022, धारा-25 (1-ए)25 (1-मी)/26/27/35 अर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट

5. मड़ि़ा बाजार थाना काण्ड सं0-74/21. दिनांक-21.10. 2021 (धारा-26(1-बी)/20 / 35 आ एक्ट एवं 17 सी0एस0ए0 एक्ट

6. कुन्दा नाका सं0-46 / 21. दिनांक 31.08.2021 धारा-147/148/149/353/3 07 / 120वी/ 124ए एवं 25 (1बी) ए/26/27/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट कुन्दा थाना कांड सं0-11/22. दिनांक-25032022 धारा-25 (1-बी) ए/25 (1एए)/26/35 आर्म्स एक्ट 3/4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिक एवं 17 (1)2) सी0एल0ए0 एक्ट जप्त प्रदर्श

आई0ई0डी0 बनाने की समाग्री

1. 55 चंडल डेटोनेटिंग वायर
2 800 पीस जिलेटिन स्टिक
3. स्टील का छोटा केन (33) पीस
4 डेटोनेटर दायर लगा हुआ

हथियार / गोली रू

01 पीस 1. कारबाईन मशीन गन मैगजीन लगा हुआ 021
2. गोली- 25 (भिन्न-भिन्न कैलिबर का)।
3 तीन पीस बैरल बनाने वाले लोहे की पाईप,
4. चार पीस रायफल स्प्रिंग 15. खाली मैगजीन-06 पीस 60 बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य।

ये पुलिसकर्मी टीम में थे शामिलः 1. श्री अशोक रविदास, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया 2. पु0अ0नि0 परमानन्द मेहरा, थाना प्रभारी कुन्दा 3. पु0अ0नि0विवेक कुमार, थाना प्रभारी, लावालौंग 4 पु0अ0नि0 नितेश कुमार दूबे, कुन्दा थाना 5. थाना सशस्त्र बल के जवान 6. सैट मांझीपाड़ के सशस्त्र बल के जवान 7. आई0आर0बी0सैट-152 लावालौंग सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# आयुष्मान भारत के जिला कॉर्डिनेटर की उपस्थिति में डीएस ने की समीक्षा बैठक, रिकॉर्ड संधारण का निर्देश

## आयुष्मान भारत योजना से मिलने वाले स्वास्थ्य सुविधा की दी जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में आयुष्मान भारत के जिला कोऑर्डिनेटर नीलम प्रसाद एवं मोहम्मद अरशद अंसारी की उप. स्थिति में बरही में संचालित आयुष्मान योजना को लेकर डी एस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने समीक्षा बैठक की । बैठक में आयुष्मान भारत योजना के सं. बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला क०र्डिनेटर नीलम प्रसाद ने आयुष्मान योजना की जानकारी देते हुए बताया कि जो भी मरीज का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत होती है। उसका पूरा डिटेल अस्प्ताल में रखना जरूरी है। ताकि पता चल सके कि मरीज का किस तरह का इलाज हुआ



समीक्षा बैठक में शामिल डीएस एवं अन्य

है। उस मरीज के इलाज में कितनी राशि आयुष्मान से ली गई है। एक वर्ष से नीचे के बच्चों का इलाज उसके माता के आयुष्मान कार्ड से किया जा सकता है। एक साल से ऊपर के बच्चों का इलाज के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का अनुसंशा पर किया जा सकता है। कहा कि आयुष्मान योजना के तहत इलाज किए गए प्रत्येक मरीज का पूरा रिक०र्ड रखना जरूरी है।। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि आयुष्मान योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके माध्यम से मरीज 5 लाख रुपये तक का इलाज कीसी भी सरकारी एवम प्राइवेट अस्पताल में करा सकते हैं। अब तक आयुष्मान योजना से किएं गए इलाज की समीक्षा किया गया।। साथ पंजी संधारण के लिए निर्देशित किया गया। मौके पर बीपीएम नारायण राम, लिपिक पंकज कुमार, उपेंद्र कुमार एवं नरेश कुमार सहित कई स्वस्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## चौपारण की नाबालिक नगद व जेवरात लेकर चतरा के युवक के साथ हुई फरार

चौपारण : प्रखंड के ग्राम पंचायत झापा के बेबस पिता ने आरक्षी अधीक्षक हजारीबाग को लिखित आवेदन देते हुए मदद की गुहार लगाया है। आवेदन का प्रतिलिपि चौपारण थाना को भी दिया है। बेबस पिता ने कहा है कि मैं एक गरीब आदमी टेंपो चला कर गुजर बसर करता हूं। मेरी 17 वर्षीय नाबालिक बेटी 10 वी माध्यमिक बोर्ड परीक्षा देने की तैयारी कर रही थी। इसी बीच दिनांक 23 मार्च 2022 समय 11 बजे दिन घर से जेवर एवं रूपया लेकर गायब हो गई। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी के लिए धीरे-धीरे जेवर और रुपया जमा कर रहे थे। जिसे विशाल पाठक पिता बिनोद पाठक ग्राम-पोस्ट गांगपुर थाना गिद्धौर जिला चतरा ने मेरी नाबालिक बेटी शिवानी को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि विशाल के गांव गंगा. पुर गिद्धौर में पता किया तो वहां के लोगो ने बताया कि वह एक जालसाज, धुर्त व धोखेबाज लड़का है। वह लड़का अश्लील विडियोग्राफी (फोटो) बना कर अवैध काम करता है। साथ ही लोगो ने बताया कि विशाल पाठक एवं उसके सारे परिवार कुमार्ग पर ही चलता है। उन्होंने बताया कि मेरी बेटी एक लाख नगद एवं 35 हजार का जेवरात को लेकर विशाल पाठक पिता बिनोद पाठक के साथ फरार हो गई है। विशाल का मोबाइल नंबर 9110102517 है।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आस्था पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बुढ़िडीह दुलमहा में संचालित आस्था पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार सुमित कुमार विद्यालय का टॉपर रहा। वर्ग पंचम में रोहित कुमार, सहनाज प्रवीण , संगम कुमारी, वर्ग चतुर्थ से रत्न कुमार, शिवानंद कुमार एवं प्रवीण कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया। वर्ग तीसरा में अर्जुन कुमार, रोहित कुमार एवं शिवमंगल कुमार, वर्ग दूसरा से सुधांशू कुमार प्रिंस, सोनिका कुमारी, डिम्पल कुमारी, करन, आर्यन, सूरज ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियो को निदेशक सकलदेव यादव ने पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया। मौके पर शिक्षिका तमन्ना प्रवीण,सरफराज आलम, संतोष कुमार, अभिभावक सुरेश पंडित सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मुखिया संघ अध्यक्ष ने नितिन गडकरी को लिखा पत्र, सड़क निर्माण कंपनी का किया शिकायत

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कu राणा**


राजदेव यादव

चौपारण : मुखिया संघ अध्यक्ष सह करमा पंचायत के मुखिया राजदेव यादव ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सड़क निर्माण करवा रही कम्पनी की कई शिकायतो से अवगत करवाया। पत्र के अनुसार विभाग द्वारा चौपारण प्रखण्ड हजारीबाग (झारखण्ड) एनएच 2 में जो दिल्ली से कलकता मार्ग पर बन रहे फ्लाई ओवर निर्माण कार्य कर रहे कंपनी (राज केशरी) के द्वारा घोर लापरवाही एवं फ्लाई ओवर निर्माण कार्य तय मानकों का खुल्लम खुल्ला उलंघन किया जा रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि निर्माण कार्य स्थल के बगल में बनाये गए सर्विस मार्ग में जल का छिड़काव एवं साफ़ सफाई नहीं की जाती है। जिस कारण राहगीरों व लोगों के घरों में परत दर परत धुल गर्दा का जमाव हो रहा है। वहीं फ्लाई ओवर बनने के पूर्व ही बने सड़क को जगह जगह पर तोड़ दिया गया एवं आवागमन के लिये सर्विस मार्ग की समुचित व्यवस्था नहीं की गयी। वहीं पिछले कई महीनों से बिना कारण का निर्माण कार्य भी प्रगति पर नहीं है। जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है। यह की चौपारण प्रखण्ड में काफी घनी आबादी होकर गुजरी हुई है। कंपनी के द्वारा समुचित ट्राफिक नियम का पालन नहीं करने कारण आये दिन दुर्घटना घटते रहती है। उपरोक्त बिन्दुवो की समाधान हेतु यहाँ के ग्रामीणों के द्वारा कई बार कहा गया पर कम्पनी लगातार इग्नोर करती रही है। उन्होंने उपरोक्त बिन्दुओं पर ध्यान देते हुए निर्माण कार्य कर रहे कम्पनी के ऊपर नियमसम्मत कार्रवाई करने और निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करवाने की मांग की।

## हिन्दुओ के आस्था के साथ खिलवाड़ न करे सरकार जुलुश निकालने का दे अनुमति : अमित सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


अमित सिंह

विश्व विख्यात हज़ारीबाग़ की रामनवमी पूजा को लेकर सरकार द्वारा जुलूस के पाबन्दी के बाद युवाओ का गुस्सा चरम पर है सभी लोगो मे पसोपेश की स्थिति बनी हुई है ।भाजयुमो नेता सह हनुमान सेना अखाड़ा हज़ारीबाग़ रोड के सक्रीय सदस्य अमित सिंह ने झारखंड सरकार से अपील किया है कि रामनवमी हिंदुओ के आस्था का त्योहार है सभी लोग प्रभु श्री राम का पूजन इस पर्व में धूमधाम से करते है पिछले 2 सालों से कोरोना महामारी के कारण पर्व धूमधाम से नही मनाया गया , परन्तु जब कोरोना जैसी महामारी और इसके मरीज की संख्या की जिले में शून्य है तो पर्व को मनाने एवम शोभायात्रा निकालने के आदेश सरकार को दे देनी चाहिए। पर्व त्योहारों में सरकार द्वारा उसे राजनीति रंग न दिया जाय।

मालूम हो कि 31 मार्च से केंद्र सरकार द्वारा भी कोरोना की सारी पाबंदिया हटाने का निर्देश दिया गया है ऐसे हालत में मैं मांग करता हूँ कि राज्य सरकार अविलम्ब रामनवमी के शोभायात्रा निकालने का आदेश पारित करे । ताकि हिंदुओ का महापर्व रामनवमी श्रद्धा व भ. क्तिभाव के साथ मनाया जा सके।

## रामनवमी का जुलूस निकालने दे राज्य सरकार : डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी


डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हजारीबाग जिला के जिला उपाध्यक्ष सह कांग्रेस के बरही विधानसभा मीडिया प्रभारी ड०क्टर निजामुद्दीन अंसारी झारखंड के मुख्यमंत्री से मांग किया है की राज्य सरकार के आदेशानुसार पूरे राज्य में रामनवमी पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस तथा मंगला जुलूस पर कोविड-19 के नियमों का हवाला देते हुए जुलूस निकालने पर रोक लगाया गया है। वहीं अंसारी ने कहा है कि रामनवमी हिंदू समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है जिसे हजारीबाग जिला में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। रामनवमी मनाने के लिए लोग सालों इंतजार करते हैं राज्य सरकार ने जुलूस पर रोक लगाकर हिंदू धर्म के आस्था के विरुद्ध कार्य किया है। सरकार से ड०क्टर अंसारी ने मांग किया है कि हजारीबाग जहां विश्व प्रसिद्ध रामनवमी का जुलूस 100 वर्षो से निकाला जा रहा है और यहां जुलूस देखने के लिए देश विदेश के लोग भी रामनवमी पर्व के अवसर पर भगवान राम का दर्शन राम नवमी के अवसर पर निकाले जाने वाले झांकियों को देखने के लिए आते हैं। और इस तरह की जन भावना को पर्व के अवसर पर रोकना कहीं से भी ठीक प्रतीत नहीं होता है। ड०क्टर अंसारी ने झारखंड के मुख्यमंत्री से मांग किया है कि रामनवमी और सरहुल पर्व जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों पर निकाले जाने वाले जुलूस पर से सरकार प्रतिबंध शीघ्र हटा ले ताकि जनता अपनी जिंदगी का कुछ क्षण पर्व के मौके पर हर्षोल्लास के साथ बिताए यदि सरकार ने जुलूस पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया तो आम जनता में सरकार के प्रति गलत संदेश जाएगा सरकार को चाहिए की जन भावनाओं का कद्र करते हुए जुलूस निकालने पर जो प्रतिबंध लगाया गया है। उस प्रतिबंध को हटाया जाए

APEM LIVE






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
UID NO. 20040117202
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW



Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।
नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।
Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)
Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881
Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)
Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)
Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
## कपिल प्रसाद केशरी
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!

सोच हमारी
विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है
## कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ध्वजारोहण के साथ मध्यगोपाली में द्वितीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ, पूर्व विधायक हुए सम्मिलित

### महायज्ञ आयोजन से गाँव मे सुख शान्ति व समृद्धि आता है : मनोज यादव



**अपेम लाइवः चौपारण किशोर कु0 राणा**

मध्यगोपाली में आगामी 2 अप्रैल से होने वाले श्री श्री 108 श्री नवचण्डी शनिदेव द्वितीय महोत्सव सह पाँच दिवसीय महायज्ञ के लिए ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, भाजपा जिला महासचिव सुनील साव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव आदि सम्मिलित हुए। यज्ञाचार्य श्री नंद किशोर पांडेय जी महाराज व मंदिर कस मुख्य पुजारी दिनेश पांडेय के अग. वाई में पूरे विधि विधान व मंत्रोच्चार से ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहन से पहले आसपास स्थित मंदिरों तक ध्वजा भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात यज्ञ स्थल पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण भ्रमण के दौरान जय श्रीराम के उदघोष से पूरा मधगोपाली, दादपुर आदि गुंजित उठा। पूर्व विधायक ने कहा कि महायज्ञ आयोजन से गाँव मे सुख शांति व समृद्धि आता है। आसपास के वातवारण का शुद्धिकरण होता है। इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष सियाराम भारती, सचिव बिनय गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, संयोजक मोहन यादव, गांव अध्यक्ष बालदेव साव आदि ने अतिथियो को श्रीराम का पट्टा देकर स्वागत व समान्नित किया गया। ध्वजारोपण कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि जमाल अंसारी, दादपुर मुखिया प्रतिनिधि अर. विंद सिन्हा, समाजसेवी सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, जन्मजेय सिंह, बलराम दाँगी, बसंत राणा, भरत सिंह, नारायण साव, बासुदेव साव, प्रकाश गुप्ता, बलराम यादव, दीपक यादव, निरंजन साव, भुनेश्वर प्रजापति, पिन्टू साव, गंगेश साव, रोहित गुप्ता, संतोष साव, शंकर साव, अरूण साव, सीताराम साव, उज्ज्वल कुमार, योगेंद्र कुमार, बैजनाथ साव, अजय गुप्ता, बिनय साव, बिनोद साव, कैलाश साव सहित आदि












## राष्ट्रीय पारा चौंपियनशिप में आकाश का हुआ चयन

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**






शहर के राजेंद्र नगर के रहने वाले रविंद्र नाथ सिंह के पुत्र आकाश कुमार सिंह का चयन 20 वां श्राष्ट्रीय पारा एथलेटिक चौंपियनशिप में हुआ जो कि उड़ीसा राज्य के भुनेश्वर जिला, कलिंगा स्टेडियम में 28 मार्च से 31 मार्च 2022 को खेला जाएगा। आकाश सिंह ने बताया कि पूर्व में 6 मार्च को श्राज्य स्तरीय पारा एथलेटिक्स चौंपियनशिपश झारखंड राज्य के देवघर जिला के के स्टेडियम में खेलने के बाद यह अवसर उन्हे झारखंड राज्य के खिलाड़ियों का चयन में हुआ। श्री सिंह ने भी दो गोल्ड और एक कांस्य पदक टी 42 कैटेगरी से खेलते हुवे प्राप्त किया था। इस 20वां चौंपियनशिप झारखंड राज्य की तरफ से खेलेंगे। टी 42 कैटेगरी में 100 मीटर दौड़ में और श०ट पुट में थ्रो में वह झारखंड के तरफ के तरफ से राष्ट्रीय स्तर तक आकाश सिंह जो कि पारा क्रिकेट और राष्ट्रीय एक पैर से दिव्यांग होते हुए पारा बैडमिंटन चौंपियनशिप भी पूर्व में भी झारखंड राज्य में भाग ले चुके हैं।।

## महुआ चुनने वाले लोगो ने जंगल में लगाया आग,वन संम्पति बर्वाद

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



इन दिनो महूआ चुनने के लिए लोग जंगलो को साफ-सफाई कर रहे है जंगल को साफ करने के लिए महूआ चुनने वाले लोग जंगल में आग लगा रहे है यह आग प्रतापपुर वन क्षेत्र के बरवाकोचवा,ककहीया,भीथा, अमझर समझर समेत कई जगंलो में लगा हुआ है।जगंल में आग लगने से बेसकीमती लकड़ियो जलकर बर्वाद हो गया है वही वनसंम्पतियो को भी काफी नुकसान हुआ है तो सैकड़ो छोटे-जीव-जन्तु जलकर राख हो चुके है जंगल को जलते देख कुछ जंगली जानवर अपनी पनाह लेने के लिए गांव की ओर भाग रहे है।इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिक. ारी राजबल्लभ पासवान का कहना है इन दिनो में जंगल में आग महूआ चुनने वाले लोगो द्वारा लगाया जा रहा है आग लगने से जंगल के वेस्क. ीमती लकड़ियो के साथ-साथ वन संम्पती एवं वन प्राणी को काफी नुकसान हो रहे है वही इस आग लगी में छोटु-जीव जन्तु जलकर राख हो रहे है सूचना मिलते ही वनकर्मी आग को बुझाने में लगे है उन्होने लोगो से अपील किया है अपने छोटा सा लालच में आकर जंगल में आग नही लगाये।महूआ चुनने के इस तरह के हरकत से समस्त गांव वासियो को खम्याजा भुगतना पडेगा तथा पर्यावरण प्रदुषित हो जाता है आग लगाने वाले लोगो को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

## कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने क्षेत्र में चलाया सदस्यता अभियान व सुनी लोगों की समस्या!

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



आज दिन गुरुवार को जमुआ विधानसभा में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ड०. मंजू कुमारी ने जमुआ प्रखंड के पूर्वी भाग नवडीहा, सियाटांड़, चिलगा, गोरो इत्यादि कई पंचायतों में अ०नलाइन सदस्यता अभियान चलाया जिसमें लोगों का कांग्रेस पार्टी से अ०नलाइन सदस्यता ग्रहण करवाया। डॉ मंजू कुमारी को गोरो पंचायत के बघेडीह चौक पर दुकानदार एवं ग्रामीणों ने अपनी समस्या सुनाया जिसको लेकर मंजू कुमारी ने उन लोगों को विश्वास दिलाया कि आपकी समस्या के साथ खड़ी हूं यथासंभव निजात करने का प्रयास करुंगी । सदस्यता कार्यक्रम के दौरान ड० मंजू कुमारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कुछ दिन पहले 5 प्रदेशों में चुनाव था उस वक्त पेट्रोल- गैस इत्यादि खाद्य सामग्री दामों में वृद्धि के लिए रुका था लेकिन परिणाम आते ही पुनः पेट्रोल, डीजल, गैस इत्यादि के दामों में बढ़ोतरी किया गया। मौके डॉ विनोद कुमार वर्मा, संजय कुशवाहा, मनोहर मंडल, महेंद्र मंडल, भुनेश्वर महतो, उज्जवल साव, संतोष प्रसाद वर्मा, विकास मंडल इत्यादि कई दुक. ानदार एवं कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा,गिरीडीह में 2021-2022 का वार्षिक परीक्षाफल हुआ प्रकाशित

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ मुफसील**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में गुरुवार को सत्र 2021- 22 का वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति उपाध्यक्ष ड० सतीश्वर प्रसाद सिन्हा,सह सचिव सी0ए0राकेश कुमार एवं प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने दीप जलाकर और पुष्पार्चन कर किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि कोरोना कालखंड के पश्चात भैया-बहन प्रत्यक्ष रुप से परीक्षा परिणाम प्राप्त कर रहे हैं।कक्षा अरुण से नवम एवं एकादश में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक खंड में आदित्य केशरी एवं माध्यमिक खंड में आराधना कुमारी को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बच्चे पुरस्कार पाकर प्रसन्न नजर आ रहे थे।भैया-बहनों का उत्सा. हवर्धन एवं मंगल कामना करते हुए कहा कि आगामी 01 अप्रैल से नवीन सत्रारंभ हवन- यज्ञ के साथ किया जाएगा। अध्यक्षीय आशीर्वचन में सतीश्वर प्रसाद सिंहा ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं।जीवन पर्यंत आगे बढ़ने के लिए हमें कई प्रकार की परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है।अतः हमें और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। मौके पर समिति कोषाध्यक्ष प्रभात सेठी, सदस्य मनोज छापरिया एवं उमेश प्रसाद सिंहा उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत मिश्रा,पंकज उपाध्याय,पंकज कुमार सोनी, राजेंद्र लाल बरनवाल एवं समस्त आचार्य- दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

## गोली मारने के षड्यंत्र रचने वाले भाजपा नेताओं को गिरफ्तार नहीं करने पर पत्रकारों ने दिया एक दिवसीय धरना

### भाजपा अपने लम्पटों पर लगाम नही लगाया तो ऐसे लम्पटों पर लगाम लगाने जानते है बिरनी की जनता :- शेखर सुमन

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**





पत्रकार धीरज शर्मा को गोली मारने का षड्यंत्र रचने वाले भाजपा नेताओं को मुकदमा दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तार नही करने को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल प्रेस क्लब द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन का अध्यक्षता प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष बिट्टू खान व संचालन देवाशीष बादल ने किया। जबकि मुख्य रूप से प्रेस क्लब के अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय व सचिव शेखर सुमन समेत तीनो प्रखंडों के सभी पत्रकार मौजूद थे। मौके पर उप. स्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब के सचिव शेखर सुमन ने कहा कि भाजपा के लोग अब खून खराबा पर उतर आए हैं, इनकी चले तो दिनदहाड़े किसी की भी हत्या कर सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि घटना के सप्ताह गुजरने के बाद भी अपराधी भाजपा नेता नारायण पाण्डेय व रंजीत राय खुल्लेआम घूम रहे हैं, और बिरनी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई हैं। कहा कि जिस पत्रकार ने एक दबे कुचले को नेता बनाया आज वही पत्रकार को गोली मारने का षड्यंत्र रचा जा रहा हैं, जिसने आपको नेता बनाया उसके माथे पर आप गोली मारेंगे। आज भाजपा के लोग मुंह नही खोल रहे हैं आखिर वजह क्या हैं, क्या आप अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं, अगर बिरनी पुलिस ऐसे लम्पट लोगों को सबक नही सिखाती हैं तो मजबूरन यहाँ की जनता यहाँ के पत्रकार सड़क पर बैठकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय ने कहा कि पत्रकारों को कमजोर आंकना भाजपा की भूल हैं, जो पत्रकार आपको हीरो बनाता हैं वो आपको जीरो भी बना सकता हैं। कहा कि लड़ाई अब और तेज होगी अब इसके लिए जहाँ तक आंदोलन करना पड़े तो हमलोग आंदोलन करने के लिए तैयार है। अब प्रेस क्लब इस आंदोलन को और धारदार बनाने के लिए कमर कस ली है। मौके पर सरिया से प्रभात खबर संवाददाता राजेश पाण्डेय दैनिक भास्कर के परमानंद बर्णवाल, रविन्द्र पाण्डेय, सुनील वर्मा, कृष्णा वर्मा, पिंकू वर्मा, पीड़ित पत्रकार धीरज शर्मा, देवाशीष बादल, राज रवानी, गंभीर रजक, टिंकू राय, सब्बा अहमद मौजूद थे।

# बिरनी प्रखंड मुख्यालय में लगा वाटर ए टी एम पड़ा बन्द

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



गर्मी शुरू होते ही लोगो के लिए एक सबब बन गया है कि अपनी प्यास किस प्रकार बुझाया जाए वही बिरनी प्रखंड मुख्यालय में लगा करोड़ों के लगता से वाटर एटीएम शोभा का वस्तु बना कर रह गया है ।बता दे कि इस प्रखंड मुख्यालय में 25 किलोमीटर दूर दराज से लोग आपने समस्या को सुलझने प्रखंड मुख्यालय आते हैं। और इस भीषण गर्मी में लोग को प्यास लग जाये तो आखिर मुख्यालय में आये जनता आखिर किस चापाकल में जा कर अपनी प्यास बुझाएंगे। प्रखंड मुख्यालय में वाटर एटीएम बनाया गया तो लोगो मे एक अस जगी की पानी की सुविधा मिल पायेगा लेकिन वाटर एटीएम बनने में कई महीने गुजर गए लोगो को नही मिल पा रहा है पानी प्यासे घूम रहे है लोग यहाँ के जनप्रति. निधियों भी चुप बैठे हैं। क्योंकि उनको तो आसानी से अपनी प्यास बुझा लेते हैं। लेकिन जनता कैसे बुझाएगी।

# बिरनी में पुवाल में आग लगने से हजारो की नुकसान

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के शाख़बरा पंचायत के चितनखारी गांव में शुक्रवार को समय लगभग 1 बजे दिन चितनखारी निवासी समा. जसेवी बोधनारायन महतो के पुवाल में अचानक आग लग जाने से पूरा पोवाल जल कर राख हो गया हजारो रु की नुकसान हो गया जिसकी सूचना मिलने पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र कुमार यादव उक्त समय पर पहुँच कर ज्याजा लिए ओर मह्सुश हुआ की बिरनी में दमकल (यग्नि सेवा) की ब्यवस्था नही रहने के कारण आग पर देर से काबू पाया गया जब तक आग पर काबू पता तब तक पूरा पुवाल जल कर राख हो गया पुवाल जलने से हजारों की नुकसान हो गया वही मुखिया राजेन्द्र यादव ने कहा की गिरीडीह के सभी प्रखंडो में अग्निसेवा (दमकल)की व्यवस्था सरकार को करने की मांग करते है ताकि सा समय पर आग में काबू पा सके और लोगो को ज्येदा नुकसान न हो सभी प्रखंडो में अग्निसेवा दमकल की जरूरत हैं। इस बीच ग्रामीण वार्ड सदस्य प्रति. निधि लक्ष्मण यादव,द्वारिका यादव,रामदेव यादव,बा. धनारायन महतो,बिरेन्द्र यादव,मदन यादव, अजित यादव अविनाश कुमार,गोल्डन यादव,अजय यादव,चिरंजीवी यादव इत्यादि उपस्थित थे,ग्रामीण के सहयोग से जब तक आग को काबू पाया गया तब तक सारा पोवाल जल चुका था पीड़ित को सरकार से मिलने वाला व्यवस्था पर पहल करने का अस्वाशन मुखिया सह ( प्रधान) राजेन्द्र यादव के द्वारा दिया गया

# एक सहायक शिक्षक भरोसे चल रहा है उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो

## 134 बच्चों की भविष्य चल रहा है एक सहायक शिक्षक के भरोसे

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत के अंतर्गत ग्राम टाटो के उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में एक सहायक शिक्षक के हाथों चल रहा है134छात्र छात्राओं की भविष्य उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक संचालित है जिसमे सिर्फ एक सहायक शिक्षक है। सरकारी शिक्षक नही होने के कारण साहयक शिक्षक को ही अ०फिसियल कार्य भी करना होता हैं जिससे बच्चो को पूरा शिक्षा नही मिल पा रही हैं।जिसे शिक्षक को लेकर कई बार शिक्षा परिसर बीआरसी भवन बीएओ को आवेदन दिया गया लेकिन अभी तक कोई शिक्षक नही दिया गया वही विद्यालय के सहायक शिक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि लगभग पूरे पाँच वर्ष से कोई भी सरकारी शिशक अभी तक टाटो विद्यायल मे नही दिया गया है। इस विधायल में 134 छात्र छात्राएं हैं। जिसमे लगभग प्रत्येक दिन 100 से लेकर 110 छात्रा की उप. स्थिति रहता है । इस विद्यालय में कम से कम दो सरकारी शिक्षक की उपस्थिति अनिवार्य होना चाहिए जो हम अधिकारी से मांग करते है। ताकि बच्चों की भविष्य बर्बाद ना हो और सही शिक्षा मिल सके इस सम्बद्ध में जब शिक्षा परिसर बीपीओ मुक. श कुमार से पूछे जाने पर कहा कि जबतक शिक्षक की बहाली नही होता हैं। तबतक हम शिक्षक की बेवस्था नही दे पायेंगे वही स्कूल अध्यक्ष प्रतिनिधि कृ ष्णा वर्मा ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय टाटो में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8तक संचालित है। कुल 134 छात्र-छात्राएं हैं। और एक सहायक शिक्षक हैं। एक भी सरक. ारी शिक्षक नही होने से कभी कभी सहायक शिक्षक अ०फिसियल काम मे बिजी हो जाते है। ओर बच्चों को पूरी शिक्षा नहीं मिल पाती हैं। जिससे बच्चों की शिक्षा अंधकार की ओर जा रही हैं। हमारे ओर से शिक्षा अधिकारी को नर्म निवेदन है।कि जल्द से जल्द सरक. ारी शिक्षक की बेवस्था स्कूल में दिया जय जिससे बच्चों को पूरी शिक्षा मिल सके और बच्चे आगे बढ़ सके

# विष्णुगढ़ में रामनवमी महासमिति का गठन, बिनोद बने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बिनोद सिंह

विष्णुगढ़ में महारामनवमी महासमिति के गठन को लेकर बाजारटांड स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में रामभक्तों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बिपिन सिन्हा व संचालन प्रो. ओमकार नाथ शर्मा ने किया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों के पदा. धिकारी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी अखाड़ों को मिलाकर रामनवमी महासमिति का गठन किया गया। बैठक में रामनवमी का महापर्व शांति, सौहार्द एवं सद्भावना के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा झांकी, जुलूस निकालने समेत आवश्यक मुद्दों पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से महासमिति का अध्यक्ष बिनोद सिंह, उपाध्यक्ष वरूण कुमार, सुरेश राम, सचिव गौतम भारती, उपस. चिव शशि लाहकार, मीडिया प्रभारी प्रो. ओमकार नाथ शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश पांडेय, सह कोषाध्यक्ष महेन्द्र साव मनोनीत किए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी समिति में अनूप कसेरा, अशोक सिंह, विपिन सिन्हा, पियूष सिन्हा, अरविन्द लाहकार, बिट्टू कुमार, रणधीर कु दास, रामेश्वर कुमार, राहुल गुप्ता, सन्नी लाहकार आदि चुने गए। नवमनोनीत महासमिति अध्यक्ष ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के अवतरण दिवस रामनवमी का महापर्व हमारी आस्था, संस्कृति और एकता की परिचायक है। इसे पूरे भ. क्तिभाव व अनुशासित होकर मनाएं। बैठक में लखन प्रसाद, शंकर कसेरा, रवि पांडेय, निरंजन सोनी, राजू रवानी, संदीप कसेरा, मुकेश विश्वकर्मा, शेखर सुमन, नीतिश बरनवाल, रवि सिंह, कुंदर शर्मा समेत कई रामभक्त मौजूद थे।

# समाधान चाइल्डलाइन सबसेंटर द्वारा हितधारकों के साथ कार्यशाला का आयोजन

## जरूरतमंद बच्चों की सुरक्षा के लिए 1098 सेवा की अहम भूमिका

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




चाइल्डलाइन कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित करते अतिथि

नाबालिग एवं जरूरतमंद बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और देखभाल विषय पर चाइल्डलाइन द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ संजय कोंगाड़ी, जिप सदस्य यशोदा देवी, सामाजिक कार्यकर्ता हीरामन महतो आदि ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के कई हितधारकों ने अपने विचार रखे। समाधान चाइल्ड लाइन सबसेंटर के प्रभारी राहुल शीतल ने लोगों के बीच जरूरतमंद बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण व देखभाल के लिए चाइल्डलाइन टोल फ्री सेवा 1098 की भ. ूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि इसके माध्यम से बीमार, असहाय, भटके एवं पीड़ित बच्चों के लिए हस्तक्षेप कर उनके संरक्षण के प्रयास किए जाते हैं। इस सेवा को बेहतर ढंग से लोगों के बीच प्रचारित एवं प्रसारित किए जाने की आवश्यकता है। कार्यशाला में प्रखंडस्तर पर बाल आश्रय की आवश्यकता समेत अन्य सुझाव प्राप्त हुए। प्रतिभागियों में वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया दीदी, किशोरी लीडर एवं स्वयंसेवक आदि शामिल हुए। आयोजन में टीम लीडर राहुल शीतल, टीम सदस्य रश्मिलता, नीतू कुमारी, जगदीश शर्मा, प्रभा कुमारी आदि का विशेष योगदान रहा।

# शादी का झांसा देकर यौन शोषण कर प्रेमी फरार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

शादी का झांसा देकर युवती के साथ यौन शोषण के बाद आरोपी युवक फरार हो गया। घटना विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की है। इसे लेकर विष्णुगढ़ थाना में आरोपी युवक के विरूद्ध केस दर्ज किया गया है। युवती ने विष्णुगढ़ थाना को आवेदन देकर कहा है कि प्रेमी देवनारायण कुमार के साथ विगत एक सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच प्रेमी ने शादी का झांसा देकर कई बार यौन शोषण किया। इससे वह गर्भवती हो गई है। विगत 19 मार्च को आरोपी युवक घर आकर शीघ्र शादी की बात कहते हुए यौन शोषण करते परिजनों ने आपत्ति. जनक स्थिति में देख लिया। लेकिन इसी बीच मौका पाकर प्रेमी फरार हो गया। इस घटना के बाद घरवालों ने मुझे घर से निकाल दिया है। इधर, प्रेमी भी अपना मोबाइल छोड़कर घर से फरार है। युवती ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि उधर प्रेमी के भाग जाने और इधर मेरे घरवाले मुझे अपनाने को तैयार नहीं हैं। इस स्थिति में मेरा कोई सहारा भी नहीं है और समाज में भी काफी बदनामी हो रही है। स्थानीय स्तर पर इसे लेकर समझौता का प्रयास किया गया, लेकिन समझौता नहीं हो पाया। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

APEM
LIVE

## भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा का पुनर्गठन

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**



आज भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा,गिरिडीह के जिला कमिटी की घोषणा गिरिडीह के पूर्व विधायक श्री निर्भय कुमार शाहाबादी जी के आवासीय कार्यालय में महिला ज़िला अध्यक्ष श्री मति संगीता सेठ ने किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री निर्भय कुमार शाहाबादी उपष्ठित थे।क.मिटी की घोषणा पर उन्होंने कहा कि यह कमिटी पूरे समन्वय के साथ तैयार की गई है।इस कमिटी की सबसे बड़ी खासियत यह कि इसमें जुड़ी सारी महिलाएं महिलाओं कि समस्याओ को लेकर हमेशा मुखर रहती है।पार्टी की समर्पित कार्यकर्ता हैं, पार्टी के सभी कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर अपनी उपष्ठिति दर्ज कराती है।इस कमिटी से गिरिडीह ज़िला महिला मोर्चा और भी मजबूती के साथ उभरेगी और दमदार रूप से कार्य करेगी। ज़िला कमिटी का पदाधिक.ारी और कार्यसमिति इस प्रकार है। अध्यक्ष--श्री मति संगीता सेठनगर अध्यक्ष--सीमा देवी,(पूर्व वार्ड पार्षद) उपाध्यक्ष--सरिता शर्मा ,अनिता यादव कांति यादव, निक्की कुमार महामंत्री-- उषा शर्मा (मुखिया,ढेंगाडीह पंचायत देवरी), सावित्री देवी मंत्री-- गुड़िया देवी,मंजू देवी,सुनैना देवी (मुखिया,रा. जधनवार)।कोषाध्यक्ष- कंचन देवी मीडिया प्राभारी-- रुनिता देवी। सह मीडिया प्राभारी--मंजू देवी,सलैया,बेंगाबाद। सोशल मीडिया प्राभारी--अंजना मिश्रा,शीतलपुर। कार्यसमिति सद स्यमीणा देवी, मनीषा पांडेय,(प्रमुख,गांडेय),बबिता देवी(मुखिया,पुरना नगर) चौताली पाठक, रीना शर्मा,मुनिता देवी, रानी सिंह, अंजना मिश्रा, रेखा देवी, पूर्णिमा देवी, सोनी साव, मुन्नी देवी, मधुबाला देवी, किरण बरनवाल, अनिता सिंह, विमला देवी, बबिता कुमारी, डोली देवी,रीता देवी,दुर्गी देवी, प्रमिला देवी, मीणा देवी, ज्योति देवी, बिंदी दास,पिंकी देवी, लवली देवी। इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष भाजपा श्री महादेव दुवे,जिला महामंत्री सुभाष चन्द्र सिन्हा,शालिनी बैशखियार,लवली देवी,रंजन सिन्हा,विरेन्द्र वर्मा,संजीत सिंह पप्पू,संजु सिंह,प्रकाश दास,गोबिंद तुरी समेत दर्जनों महिला भाजपा कार्यकर्ता मौजुद थे।

## प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव में चलाए जा रहे व्यवसायिक पाठ्यक्रम मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के अंतर्गत बच्चों को औद्योगिक भ्रमण के तहत एनटीपीसी मेटी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़कागांव मैं शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें 70 बच्चों ने विभिन्न ट्रेडों से जानकारी हासिल की। मौके पर शिक्षक जितेंद्र कुमार, राजेश रंजन गुप्ता, अमित शर्मा, अशोक राम, निकास रजवार यादी शिक्षक मौजूद रहे।

# जिला मुख्यालय को सीसीटीवी कैमरों में क़ैद करने की कवायद शुरू

## जुलूस निकालने से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य : पुलिस प्रशासन

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी प्रमोद कुमार सिंह**



जिला मुख्यालय को सीसीटीवी कैमरों में क़ैद करने की कवायद आज एसडीएम मोहम्मद मुमताज़ अंसारी, एसडीप.ीओ अविनाश कुमार, सीओ भगीरथ महतो और सदर थाना प्रभारी इंसपेक्टर लव कुमार ने शुरू किया।इस बाबत चतरा के चेम्बर्स अ०फ क०मर्स के पदाधिक.ारियों एंव सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया।व्यवसाइयों की सुरक्षा के साथ गैर कानूनी कार्यो में लिप्त अपराधियों पर अंकुश लगाने की है।बैठक में चेम्बर्स अ०फ क०मर्स की ओर से पदाधिकारियों को बताया गया कि परस.ेंटेज व्यवसाई सीसीटीवी कैमरों का उपयोग कर रहे हैं। शेष व्यवसाइयों को सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर दौरा करने की सलाह दी गई। जिले में अमन चौन बरक़रार रखने के लिए पदाधिकारोयों ने चेम्बर्स अ०फ क०मर्स से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक दुकान में कम से कम दो कैमरा लगाएं।एक कैमरा दुकान के अंदर की निगरानी के लिए तो दूसरा कैमरा दुकान के बाहर सड़कों पर होने वाली गतिविधियों के लिए होना चाहिए। आवश्यकता अनुसार कैमरा मे क़ैद फुटेज के माध्यम से कानून की खिलाफवर्जी करने वाले दोषी व्यक्तियों पर विधिवत करवाई की जाएगी। पदाधिकारोयों ने बैठक में शामिल रामनवमी समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जुलूस निकालने से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। फिलहाल को.विड 19 गाइड लाइन के अनुसार जुलूस निकालना प्रतिबंधित है। सरकार के द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाएगा।

## बी डी ओ और बी पी ओ ने पी एम आवास एवं मनरेगा योजना का किया निरीक्षण

### कोल्हैया पंचायत के एक दर्जन आवास और मनरेगा योजना का किये जांच

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी प्रमोद कुमार सिंह**





शुक्रवार को कान्हाचट्टी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नि. रंजन कुमार सिंह ने प्रखंड के कोल्हैया पंचायत में संचालित मनरेगा के लगभग एक दर्जन योजनाओं का निरीक्षण किए। निरीक्षण के क्रम में बी डि यो एवं बीपीओ ने आवास योजनाओं की भी जांच की। जांच के क्रम में उन्होंने आवास योजनाओं के लाभुकों को कहा कि जीन लाभुकों को आवास योजना की राशि मिल गई है वे जल्द से जल्द आवास योजना को पूर्ण करें । जिन लाभुकों का दीवार लिंटल लेवल तक हो गया है वैसे लाभुक सूचना करें, पंचायत सेवक को जल्द ही ढलाई के लिए अगली राशि भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों को आवास योजना की पैसा भेज दी गई है और आवास नहीं बना रहे हैं तो वैसे लाभुकों पर मुकदमा दर्ज करते हुए पैसा की रि.कवरी की जाएगी। श्री महतो ने कहा कि आवास वैसे लाभुकों को दिया जा रहा है जिनका चाहे तो कच्चा मकान हो या खपरैल मकान हो या जिनका घर नहीं हो वैसे ही परिवारों को आवास का लाभ दिया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि आवास के लाभुकों को निर्देश दिया है कि आवास के नाम पर किसी को भी राशि ना दें।यदि कोई भी व्यक्ति आवास बनाने के नाम पर या आवास सैंक्शन कराने के नाम पर पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना प्रखंड को दें।आवास योजना की जांच के बाद कोल्हैया पंचायत के लगभग एक दर्जन मनरेगा योजनाओं की भी जांच किया। जांच के क्रम में उन्होंने रोजगार सेवक को कहा कि ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को काम मुहैया कराया जाए मौके पर बीपीओ निरंजन सिंह रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार वर्मा पंचायत सचिव नवीन कुमार तिर्की मुखिया पति बैजनाथ सिंह गुप्ता भी उपस्थित थे।

## झारखंड के मुख्यमंत्री और गिरिडीह उपायुक्त का नाम नही मालूम है उच्च विद्यालय सुग्गासर के छात्र छात्राओं को

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**






गिरिडीह ज़िला के गिरिडीह सदर प्रखंड के पिंडाटांड पंचायत अन्तर्गत सुग्गासार में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बाद भी अधिकतर विद्यार्थियों को झारखंड के मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री और गिरिडीह एसपी डीसी का नाम नहीं मालूम है। विद्यालय भवन के छत पर रखी पानी की टंकी में गंदगी जमा हुआ है और उसी टंकी पानी को विद्यार्थी उपयोग करते हैं। विद्यालय भवन के चारो ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। विद्यार्थियों के आने जानें वाले रास्ते पर चापानल का पानी बहता रहता है। अवारा पशुओं का हमेशा अड्डा बना हुआ रहता है विद्यालय के आस पास और इसका सबसे बड़ा कारण है बाउंड्री व०ल का नही होना। बच्चें जमीन पर बैठने को मजबूर हैं क्योंकि उच्च विद्यालय में एक भी बेंच नजर नहीं आई। विद्यालय आने जानें के लिए कोई समुचित रास्ता नही है। रास्ता है भी तो उसमे केवल गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। हाल ही में इस विद्यालय के बगल में निर्माणाधीन केंद्रीय विद्यालय आने जानें के लिए पीसीसी रोड निर्माण किया गया था। पीसीसी रोड बने छः महीने भी नहीं हुए हैं और टूटने लगा है। इस विषय पर बीईईओ मदन कुमार सिन्हा से जब बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि मैने पदभार ग्रहण करने के बाद इस विद्यालय में मेरा पहला विजिट है। विद्यालय में कई समस्याएं हैं उनके त्वरित निदान हेतु ठोस कदम उठाए जाएंगे और जल्द ही सारे समस्याओं से निजात मिलेगी।